मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः24.04.2025

थाना लालगंज पुलिस द्वारा ट्रक कन्टेनर में क्रूरता पूर्वक लादकर वध हेतु ले जाए जा रहे 31 राशि गोवंश बरामद, एक शातिर गो-तस्कर गिरफ्तार —

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व पशु तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

उक्त निर्देश के जनपद में गो-तस्करी तथा इसमें संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध अभियान चलाकर लगातार अलग-अलग थाना क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही भी की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन-ओ0पी0सिंह व क्षेत्राधिकारी लालगंज-अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना लालगंज पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। आज दिनांकः24.04.2025 को थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत अतरैला-नैड़ी कठारी मोड़ से ट्रक कन्टेनर सवार एक अभियुक्त समीर पुत्र शब्बीर निवासी गोविन्दपुर थाना सैनी जनपद कौशाम्बी, उम्र करीब-38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ तथा मौके से बरामद ट्रक कन्टेनर अंकित वाहन संख्याःUK06CA4439 को पुलिस टीम द्वारा चेक किया गया तो ट्रक कन्टेनर में क्रूरता पूर्वक लादकर वध हेतु ले जाये जा रहे कुल 31 राशि गोवंशों की बरामदगी हुई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर अन्तर्गत धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम, 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

समीर पुत्र शब्बीर निवासी गोविन्दपुर थाना सैनी जनपद कौशाम्बी, उम्र करीब-38 वर्ष।

विवरण बरामदगी —31 राशि गोवंश।

ट्रक कन्टेनर अंकित वाहन संख्याःUK06CA4439.

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-149/2025 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

मु0अ0सं0-150/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान, दिनांक व समय —

अतरैला-नैड़ी कठारी मोड़ से, आज दिनांकः24.04.2025 को समय 05.00 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक संजय सिंह थानाध्यक्ष लालगंज जनपद मीरजापुर।

उप-निरीक्षक अजय कुमार मिश्र थाना लालगंज, मीरजापुर।

मुख्य आरक्षी इस्लाम खाँ व आरक्षी मनीष कुमार।

ACTION